# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

वभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 28 फरवरी 2023

RS------------------------------------------------DATED--------------------------

# विष्णु गार्डन : पार्क में मवेशियों का जमावड़ा

■ एनबीटी न्यूज, विष्णु गार्डन : विष्णु गार्डन स्थित आरजी ब्लॉक का पार्क बदहाली की स्थिति में है। पार्क के अंदर आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। पार्क में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है।

विष्णु गार्डन में रहने वाले हरदीप ने बताया कि यह पार्क डीडीए का है। पार्क में बैठने के लिए कोई सुविधा नहीं है। स्थिति बदहाल होने की वजह से लोगों ने यहां आना बंद कर दिया है। पार्क में घास की जगह चारों तरफ धूल भरी मिट्टी और गंदगी का आलम है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार डीडीए के पास शिकायत कर चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया। अमृत पाल और सूरज ने बताया कि यह पार्क आवारा पशुओं के लिए हो गया है। यहां गेट न होने के कारण हमेशा आवारा पशु घूमते रहते है। पशुओं के डर के कारण अभिभावक अपने बच्चों को पार्क में खेलने के लिए नहीं भेजते। उन्हें डर रहता है कि आवारा पशुओं बच्चों पर कहीं हमला न कर दें।



मवेशियों के डर से लोग बच्चों को पार्क में नहीं भेजते

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

अमर उजाला | नई दिल्ली | मंगलवार, 28 फरवरी 2023 ----DATED----

# नई दिल्ली के कई मार्गों में मिली खामियां

**इन पर जी-20 सम्मलेन में आने वाले विदेशी मेहमानों के वाहन चलेंगे और रूट लगेंगे**

**पीएम कार्यालय खुद इन मार्गों को ठीक करने पर नजर रखे हुए है दिल्ली पुलिस ने ठीक करने के लिए संबंधित निकायों को पत्र लिखा**

पुरुषोत्तम वर्मा

**नई दिल्ली।** जी-20 सम्मेलन को देखते हुए दिल्ली खासकर नई दिल्ली के ही मार्गों पर काफी बड़ी खामियां पाई गई हैं। नई दिल्ली के ज्यादातर मार्गों समेत पूरी दिल्ली में करीब 90 मार्गों पर काफी खामियां मिली हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय खुद इन मार्गों को ठीक करने पर नजर रखे हुए है। प्रधानमंत्री कार्यालय के आदेश पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना, दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस समेत स्थानीय निकायों की कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने इस मार्गों को ठीक करने के लिए स्थानीय निकायों, दिल्ली नगर निगम, एनडीएमसी, डीडीए व पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखा है। दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस जी-20 के दौरान ट्रैफिक को चलाने के लिए स्मार्ट व फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने वाले पुलिसकर्मियों का चयन कर रही है।

दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जी-20 सम्मलेन को देखते हुए दिल्ली में तैयारियां जोरशोर से चल रही है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने पूरी दिल्ली में मार्गों को सर्वे किया है। सर्वे से पता लगा है कि दिल्ली में 90 मार्गों की हालत ठीक नहीं है। सर्वे से ये भी पता लगा कि नई दिल्ली के ही कई मार्गों की हालत खराब है। ये वह मार्ग हैं, जहां जी-20 सम्मलेन में आने वाले विदेशी मेहमानों के वाहन चलेंगे व रूट लगेंगे। दिल्ली सरकार के अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने उन निकायों को पत्र लिखा है, जिनके ये मार्ग हैं। जल्द ही संबंधित निकाय इन मार्गों को ठीक करना शुरू कर देंगे।



## मार्गों पर ये काम होंगे

*रोड के कट को खोलना व बंद करना, पैदल यात्री मार्ग पर बाधा हटाना, रोड रिपेयरिंग, रोड पर आयरन ग्रिल हटाना व लगाना, टूटे हुए मार्गों पर संकेतकों को ठीक करना, सेंट्रल वर्ज की मरम्मत करना, ज़ेब्रा क्रॉसिंग व स्टॉप लाइन को पेंट करना, बस स्टॉप को दूसरी जगह हटाना और पेड़ों की छंटाई करना आदि काम शामिल हैं।*

## इन मार्गों की मरम्मत की जरूरत

डब्ल्यू - प्वाइंट, तिलक मार्ग, गेट नंबर 10 प्रगति मैदान/सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन, भगवान दास रोड-मथुरा रोड रेड लाइट गेट नंबर 7 प्रगति मैदान के सामने, मथुरा रोड-पुराना किला रोड क्रॉसिंग-गेट नंबर 6 प्रगति मैदान, प्रगति मैदान गेट नंबर 6 के पास मथुरा रोड पर पेट्रोल पंप, भैरों मार्ग-मथुरा रोड क्रॉसिंग रेड लाइट, नेशनल क्राफ्ट म्यूजियम के पास, अंडरपास नंबर 3 से निकलने वाली स्लिप रोड कार्गो एंट्री गेट, गेट नंबर 5 प्रगति मैदान, भैरों मार्ग, गेट नंबर 4 प्रगति मैदान, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय, गेट नंबर 2 प्रगति मैदान भैरों मार्ग के पास, गेट नंबर 1 प्रगति मैदान, दिल्ली चिड़ियाघर, मथुरा रोड, एयरोसिटी के सामने सेंट्रल वर्ज, होटल ग्रैंड के पास नेल्सन मंडेला मार्ग।

होटल हयात रेजीडेंसी के सामने रिंग रोड, सरदार पटेल मार्ग होटल ताज पैलेस और आईटीसी मौर्य के सामने, पंचशील मार्ग होटल अशोका के सामने, अशोक रोड होटल शांगरी-ला इरोस के सामने, जनपथ होटल इंपीरियल के सामने, जंक्शन सुब्रमण्यम भारती लोदी रोड क्रॉसिंग, अशोका होटल के सामने विनय मार्ग, मालचा मार्ग / एसपीएम क्रॉसिंग प्राइमस अस्पताल के सामने चंद्रगुप्त मार्ग, आईओसी रेड लाइट, बीपीआर एंड डी, एनएच-48, सर्विस लेन एनएच-48 पर एयरोसिटी टी-3, ओलोफ पाल्मे रोड क्रॉसिंग, मोती बाग चौक, नेल्सन मंडेला मार्ग (पीएस वसंत विहार), हयात होटल के पास एनसीआरबी के सामने जंक्शन, रिंग रोड हयात होटल से डीकेएफओ।





## डीटीसी की 4000 बसों पर लगेगा जी-20 का लोगो

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस आयोजन में शामिल होने के लिए प्रतिनिधियों के समक्ष दिल्ली की परिवहन प्रणाली को नए रंग में पेश करने की तैयारी चल रही है। इसके तहत डीटीसी की 4000 से अधिक बसों पर जी-20 का लोगो लगाने के साथ ही दिल्ली के प्रमुख स्मारकों पर इसे आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजन का संदेश देने के लिए डीटीसी मुख्यालय समेत 20 जगहों पर जी-20 का लोगो (रैपर) लगाए जाएंगे। आसपास से गुजरने वालों को रात के वक्त भी रोशन इमारतों में जी-20 का लोगो चमकता दिखेगा। ब्यूरो

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER millenniumpost ...TED
TUESDAY, 28 FEBRUARY, 2023 | NEW DELHI

'DM WILL BE THE NODAL AGENCY FOR COORDINATION'

# NGT forms committee to obtain report on 'encroachment' of Vasant Kunj pond

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** The National Green Tribunal (NGT) has formed a panel to obtain a factual report on a petition alleging illegal encroachments and constructions near a pond in the Vasant Kunj area here.

According to the petition, the pond, adjacent to Kishangarh village, contributes to the waters of a larger lake in the nearby Smriti Van DDA park and the overall wetland ecosystem of the area, but authorities are not taking action despite illegal constructions.

A bench comprising Judicial Member Justice Sudhir Agarwal and Expert Member A Senthil Vel said a substantial question relating to the environment has arisen but before taking any action, it is appropriate to obtain a factual report.

"We constitute a joint committee comprising the Delhi Pollution Control Committee (DPCC), the district magistrate, South Delhi, the Delhi Development Authority




(DDA) and the Delhi Wetland Authority, which shall submit a report within two months," the bench said.

It said the DM will be the nodal agency for coordination and compliance.

The matter has been listed for further proceedings on April 25.

According to the petition, the pond had a centuries-old stone wall and steps but illegal constructions, some of which are only a few feet away from the wall, encroached upon the steps. The pond received water from adjoining areas through slopes and must have been strategically constructed after studying the topology and geography of the area, the petition said.

Thus, its protection is necessary for the environment and the benefit of local residents, it added.